## माता भगवती देवी राजकीय महिला महाविद्यालय, आँवलखेड़ा, आगरा

## महाविद्यालय में संचालित राजनीति विज्ञान विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के अधिगम प्रतिफल

### राजनीति विज्ञान विषय के अधिगम प्रतिफल

राजनीति विज्ञान विषय विश्व के अधिकांशतः विश्वविद्यालयों में स्नातक और परास्नातक स्तर अध्ययन–अध्यापन हेतु संचालित किया गया है। राजनीति विज्ञान विषय के अध्ययन से शिक्षार्थी को विभिन्न विचारकों की विभिन्न विचारधाराओं को समझने का अवसर मिलता है और इस विषय की सहायता से हम राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विश्लेषण करने में सक्षम होते हैं। इससे विभिन्न राष्ट्रों और संगठनों के भीतर चलने वाली राजनीति के विषय में वास्तविक स्थिति ज्ञात होती है। राजनीति शास्त्र के अध्ययन से शिक्षार्थी को भारतीय राजनीति के मूल मानकों को समझने की समझ विकसित होती है। जिससे भारतीय सरकार की कार्य प्रणाली को ज्ञात कर पाते हैं। इस विषय के अध्ययन से हम अपने देशहित, मौलिक अधिकार, संवैधानिक अधिकार, नैतिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हैं। राजनीति विज्ञान की एक महत्ता यह भी है कि ये अन्य विषयों से जुड़ा होता है तथा कई अन्य विषयों को जानने के लिए भी हमें राजनीति विज्ञान को पढ़ने की आवश्यकता होती है।

इस विषय के अन्तर्गत करियर की बात करें तो किसी अन्य विषय की तुलना में राजनीति विज्ञान अधिक अवसर प्रदान करता है इसमें अध्यापन कार्य से लेकर शोध, चुनाव व कानून से जुड़े कार्यक्षेत्रों में कार्य किया जा सकता है। वर्तमान में कई अन्य क्षेत्रों में भी अवसरों को बढ़ावा देखने को मिल रहा है – मार्केट सर्वे एक्सपर्ट, इंटेलिजेंस एनालिस्ट, पॉलिटिकल कंसन्टेट्स।

### राजनीति विज्ञान विषय से स्नातक

यह एक तीन वर्षीय अवधि वाली डिग्री है। स्नातक राजनीति विज्ञान के छात्र–छात्राऐं राजनीति व इसके सिद्धांतों के विषय में बहुत कुछ जानकारी प्राप्त करते हैं। स्नातक राजीनीति विज्ञान के छात्र–छात्राओं हेतु भारत की प्रशासनिक सेवाओं तथा IAS/PCS का बेहतरीन व आकर्षक विकल्प है। छात्र–छात्राऐं इस क्षेत्र में अच्छी तैयारी करने के पश्चात् भविष्य बना सकते हैं। इस विषय को प्राइमरी, जूनियर एवं इण्टर कॉलेज के शिक्षक बनने हेतु भी चयन किया जा सकता है। इण्टरमीडिएट तक इस विषय को नागरिक शास्त्र के रूप में पढ़ा जाता है।

**नागरिक सेवाऐं** – राजनीति शास्त्र में बी0ए0 करने से शिक्षार्थी के पास जनरल नॉलेज अच्छी हो जाती है वो राजनीति शास्त्र को चयनित पेपर में रखकर आई0ए0एस0 (भारतीय

प्रशासनिक सेवा) और आई0एफ0एस0 (भारतीय विदेश सेवा) जैसे सार्वजनिक सेवाओं की तैयारी कर सकते हैं।

**पत्रकारिता** – राजनीति शास्त्र से बी0ए0 करने वाले छात्र–छात्राऐं मीडिया क्षेत्र में नौकरी के बहुत सारे अवसर पा सकते हैं। बी0ए0 से स्नातक के बाद पत्रकारिता और जनसंचार में मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। अगर हम अधिकतर मीडिया प्रवक्ता के विषय में पता करें तो ज्ञात होगा कि उन्होनें राजनीति विज्ञान का अध्ययन किया है।

**वकील के तौर पर करियर** – राजनीति शास्त्र की पृष्ठभूमि वाले युवाओं को मुकदमों की बारीकियों को समझना आसान होता है।

आमतौर पर नौकरियाँ का अवसर निजी क्षेत्र के संस्थानों में भी अधिक मिलता है।

## राजनीति विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर

यह एक मास्टर डिग्री है जिसकी अवधि 2 वर्ष है। परास्नातक की डिग्री लेने के बाद शिक्षार्थी में स्तरीय उन्नत स्तरों तक राजनीति विज्ञान की गहन समझ विकसित हो जाती है। यदि शिक्षार्थी चाहें तो आगे पढ़ाई जारी रखते हुए पी0एच–डी0 भी कर उच्च डिग्री प्राप्त कर सकते हैं जिससे बेहतर विकल्पों का रास्ता खुल जाता है और भविष्य में रोजगार पाने के अवसरों को बढ़ाता मिलता है। शिक्षार्थी किसी एक टॉपिक में स्पेशलाइजेशन भी ले सकता है यदि शिक्षार्थी मास्टर डिग्री के बाद सीधे रोजगार पर ध्यान केन्द्रित करना चाहते है तो निम्नलिखित ऑप्शन जॉब प्रोफाइल्स के लिए आवेदन करने के योग्य हो सकते है।

- पॉलिटिकल कंसल्टेंट
- पॉलिसी एनालिस्ट
- लेजिस्लेटिव असिस्टेंट
- पब्लिक ओपिनियन एनालिस्ट
- कैंपेन ऑर्गनाइजर
- कॉर्पोरेट सोशल पॉलिसी इश्यूज एनालिस्ट
- पॉलिटिकल कॉमेंटेटर
- पॉलिटिकल एनालिस्ट
- लाबीस्ट
- कॉर्पोरेशन लेजिस्लेटिव इश्यूज मैनेजर
- लेजिस्लेटिव कोऑर्डिनेटर

## स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में संचालित राजनीति विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम व उनके अधिगम प्रतिफल

(Semester first) (Credits-4)

## Indian National Movements & Constitution of India

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से से छात्र–छात्राऐं भारतीय स्वतंत्रता से पूर्व हुए राष्ट्रीय आन्दोलनों और भारतीय संविधान, के विषय में जानकारी प्राप्त करते हैं। भारतीय संविधान कब कैसे और किन अन्य संविधानों से प्रेरित हुआ यह ज्ञात होता है।

(Semester first) (Credits-2)

## Awareness of Rights & Law

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके अधिकार और कानूनी व्यवस्थाओं से अवगत कराना है। इससे छात्र अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होगा और दूसरों की मदद भी कर पायेगा।

(Semester Second) (Credits -6)

## Political theory and Concepts

इस पाठ्यक्रम के सिद्धांतों का ज्ञान राजनीति विज्ञान के पाठक के लिए अति आवश्यक है। इसके सिद्धांतो का ज्ञान राजनीति विज्ञान से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए आवश्यक है। साथ ही राजनीति विज्ञान का सैद्धान्तिक ज्ञान शोध कार्य को भी सुगम मनाता है।

(Semester third) (Credits -4)

## Political Process In India

भारत की राजनीतिक प्रणाली की व्यापक समझ के लिए यह पाठ्यक्रम आवश्यकता है। इससे छात्रों को ज्ञात होता है कि भारतीय राजनीतिक प्रणाली कैसे कार्य करती है और शक्तियों का विभाजन केन्द्र और राज्य सरकार के मध्य किस प्रकार किया गया है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के काम–काज का भी अध्ययन किया गया है।

(Semester third) (Credits -2)

## Field word Tradition in Social Science

इस पेपर का उद्देश्य छात्र–छात्राओं में तथ्य संकलन का माध्यम व प्रविधि के संदर्भ में ज्ञात कराना है जोकि शोध–कार्य में सहायक सिद्ध होगा।

(Semester fourth) (Credits -6)

## Western Political thoughts

इस पाठ्यक्रम से प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक पाश्चात्य विचाराकों की विचारधाराओं के विषय में ज्ञात होता है। इससे छात्र समझ पाते है कि कैसे विचारों के जरिये पुनर्जागरण हुआ और कैसे कानून, अधिकार, स्वतंत्रता, समानता और न्याय से सम्बन्धित विचारधारायें विकसित हुई।

(Semester fifth) (Credits -4)

## Comparative Governmentt and Politics (U.K., U.S.A. Switzerland & China)

इस पेपर का अध्ययन छात्र–छात्राओं की समझ को भारत की राजनीति के ऊपर उठकर वैश्विक आधार प्रदान करेगा। इस पाठ्यक्रम से छात्रों को विश्लेषण करने में मदद मिलेगी तथा वे यह जान पायेगें कि कौन–सी शासन प्रणाली किस समाज के लिए आवश्यक है। इससे छात्र–छात्रा कई देशों की शासन प्रणाली का तुलनात्मक अध्ययन भी कर पायेगें।

(Semester fifth) (Credits -4)

## Principles of Public administrate

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लोक प्रशासन के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना है। इससे छात्रों को प्रशासन का गहन अध्ययन होगा तथा प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद मिलेगी।

(Semester fifth) (Credits -2)

## Public policy formulation and administration in India

इसका उद्देश्य छात्र को राजनीतिक प्रक्रिया के साथ–साथ सार्वजनिक नीति–निर्माण प्रक्रिया का भी अध्ययन कराना है। इससे छात्र यह समझ पायेगा कि सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले कार्यों और नीतियों में क्या कठिनाईयाँ आती हैं और प्रशासन कैसे कार्य करता है।

(Semester Six) (Credits -5)

## Indian Political thought

इसमें छात्रों को प्राचीन, मध्यकालीन, आधुनिक भारतीय विचारकों के राजनीतिक विचारों का अध्ययन कराया जायेगा जिससे छात्र विचारधाराओं के साथ–साथ उस समय की व्यवस्था और मानकों को भी समझ पायेगा।

(Semester Six) (Credits-5)

## International Relations and Politics

इससे छात्रों का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के प्रमुख मुद्दे और नीतियों के बारे में ज्ञात होता है। इस पाठ्यक्रम से छात्र यह समझ पाते हैं कि कैसे देश अपने–अपने हित को ध्यान में रखकर एक–दूसरे से सम्बन्ध स्थापित करते हैं और राजनीति को प्रभावित करते हैं।

## स्नातकात्तर स्तर पर महाविद्यालय में संचालित राजनीति विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम व उनके अधिगम प्रतिफल

(Semester Seventh) (Credits-5)

## Constitutional Development and National Movement in India

यह पाठ्यक्रम छात्रों को भारतीय राज व्यवस्था के बारे में जानकारी ज्ञात कराता है तथा संविधान की संरचना के बारे में मुख्य तथ्यों को प्रस्तुत करता है। साथ ही यह पाठ्यक्रम भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले राष्ट्रीय आन्दोलनों से सम्बन्धित तथ्यों को प्रस्तुत करता है।

(Semester Seventh and eighth) (Credits-5-5)

## Indian Political System 1st, 2nd

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है भारतीय राजनीति में होने वाली उथल–पुथल को समझने के लिए छात्रों में समझ विकसित करना और भारतीय राजनीतिक तंत्र को, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था व उसके अंगों को समझने में मदद करता है।

(Semester Seventh and eighth) (Credits-5-5)

## Western Political thought $1^{st}$, $2^{nd}$

इस पेपर से भारतीय राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर पाश्चात्य राजनीति विचारधारा के सन्दर्भ में ज्ञान प्राप्त होता। इस पाठ्यक्रम से राज्य और समाज को आकार देने वाले सिद्धान्तों के साथ–साथ उनको प्रभावित करने वाली घटनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी जिससे छात्रों को उन विचारों पर विचार करने की विश्लेषण करने की समझ विकसित होगी।

(Semester Seventh and eighth) (Credits-5-5)

## Indian political thought $1^{st}$, $2^{nd}$

इस पाठ्यक्रम से छात्रों को भारतीय राजनीतिक विचारों और वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता के बारे में ज्ञात होगा। यह छात्रों में भारतीय राजनीतिक विचारों की विचारधार के मध्य तुलना करने व विश्लेषण करने की समझ पैदा होगी। इससे छात्रों को भारतीय राजनीतिक विचारकों के बारे में भी ज्ञात होगा।

(Semester Seventh and eighth) (Credits-8-5)

## Research project/Basic research Methodology in political Science

इन पाठ्यक्रमों के पूरा होने के बाद छात्र राजनीतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में शोध करने हेतु शोध कार्य में निपुण होगें। इस पेपर के अध्ययन से शोध–कार्य से जुड़ी बारीकियों के विषय में जानकारी प्राप्त होगी।

(Semester Ninth) (Credits-5)

## Indian Administration

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संविधान की कार्य प्रणाली की सामान्य समझ प्रदान करना है। यह राज्य तीनों अंगों–विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका और कार्यो से भी परिचय कराता है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र और राज्य के मध्य विभाजित शक्तियों के विषय में भी ज्ञात कराया गया है।

(Semester Ninth) (Credits-5)

## Theory of Public administration

यह पाठ्यक्रम पारम्परिक लोक प्रशासन के सिद्धान्तों के साथ–साथ उभरते हुए नवीन सिद्धान्तों से भी परिचित करायेगा। इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से छात्रों को

सार्वजनिक नीतियों, उनके क्रियान्वय के तरीको और गैर राज्य एंजेसियों के भी बारे में ज्ञात होगा।

(Semester Ninth) (Credits-5)

**Theory of International Relations**

यह पाठ्यक्रम के पूरा होने पर छात्रों में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा शक्तियों के कारणों की समझ उत्पन्न होगी अथवा विश्व राजनीति को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सैद्धांतिक अर्न्तदृष्टि विकसित होगी। विभिन्न देशों का अपने हितों को पूरा करने, और संगठनों को बढ़ावा देकर राजनीति करने के तरीकों के बारे में छात्रों को ज्ञान प्राप्त होगा।

(Semester Ninth) (Credits-5)

**Contemporary Political Ideologies**

इस पाठ्यक्रम से छात्र वर्तमान राजनीति में राजनीतिक दर्शन की उपयोगिता को समझ सकेगें। छात्र समकालीन मुद्दों पर विचार कर उभरती समस्याओं को ज्ञात कर पायेंगे और राजनीतिक दर्शन के पहलुओं को समझ, राजनीतिक दर्शन के विभिन्न दृष्टिकोण को समझने में सक्षम होगें।

(Semester Ninth or tenth) (Credits-8)

**Research Project**

यह पाठ्यक्रम शोध में उपयोग होने वाले उपकरणों व तकनीकों से परिचित करायेगा।

(Semester tenth) (Credits-5)

**Indian Foreign Policy**

इस पाठ्यक्रम से छात्रों में भारत की विदेश नीति किन सिद्धान्तों पर आधारित है, किन मुद्दों से प्रभावित होती है, किन मुद्दों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। इनकी व्यापक समझ उत्पन्न होगी। किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है वैश्विक राजनीति में, ये भी ज्ञात होगा।

(Semester tenth) (Credits-5)

**Comparative Politics**

तुलनात्मक राजनीति के अन्तर्गत राजनीतिक अवस्था के प्रतिपादित विभिन्न मॉडलों के बारे में ज्ञात होता है तथा तुलनात्मक राजनीति के विभिन्न सिद्धान्तों की भी समझ होती है।

(Semester tenth) (Credits-5)

**Federalism in India**

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संघवाद से परिचित कराना है। यह पेपर संघवाद सिद्धान्त और कार्य प्रणाली का अध्ययन कराता है।

(Semester tenth) (Credits-5)

**Political Parties in India**

इस पाठ्यक्रम में छात्रों को भारतीय राजनीतिक पार्टियों के विषय में अवगत कराया जायेगा तथा उनके गठन उनकी विचारधारा, सत्ता कार्यकाल का भी अध्ययन कराया जायेगा।

(Semester tenth) (Credits-5)

**Local government in India**

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्थानीय सरकार से परिचित कराना है। इससे छात्रों को सबसे निचली श्रेणी की प्रशासनिक इकाइयों को समझने की समझ विकसित होगी।

(Semester tenth) (Credits-5-5)

**International law or International organisation**

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कानून अथवा संगठनों के बारे में अध्ययन कराना है। इससे छात्रों में अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के बारे में, उनकी कार्यप्रणाली को समझने की समझ विकसित होती है तथा अन्तर्राष्ट्रीय कानून को भी समझने में सक्षम होते है।